# University in News on 05 April 2025

**NBT PAGE 5**

## LU: फाइनल सेमेस्टर की परीक्षाएं मई से



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में अगले महीने से ही आखिरी सेमेस्टर के एग्जाम शुरू हो सकते हैं। इस बार विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं लेट होने के कारण फरवरी तक मिड सेमेस्टर परीक्षाएं हुई हैं। ऐसे में आखिरी सेमेस्टर के एग्जाम भी लेट होने के कयास लग रहे थे, लेकिन विश्वविद्यालय ने समय से ये परीक्षाएं करवाने का फैसला किया है। इसके तहत आखिरी सेमेस्टर के एग्जाम मई में शुरू हो जाएंगे और परीक्षा परिणाम जून में जारी कर दिया जाएंगे। इससे छात्रों को समय से रिजल्ट मिल सकेगा और वे आगे दूसरे कोर्सों में दाखिला ले सकेंगे।

विवि के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि अभी रिजल्ट जारी हो रहे हैं, लेकिन एक टीम ने परीक्षा पर काम शुरू कर दिया है। हमारी कोशिश है कि अगले एक से डेढ़ सप्ताह में परीक्षा फॉर्म जारी कर दिया जाए, ताकि सभी कॉलेज और एलयू के छात्र अप्रैल में परीक्षा फॉर्म भर सकें। इससे हम मई से परीक्षाएं शुरू करवा सकेंगे। यूजी में चूंकि मल्टिपल चॉइस बेस्ड परीक्षा होनी है। ऐसे में मूल्यांकन में भी इस बार यूजी में ज्यादा समय नहीं लगेगा। परीक्षा फॉर्म विवि अपने ईआरपी पोर्टल से ही भरवाएगा। क्योंकि समर्थ के लिए एक सत्र की छूट राजभवन की ओर से विवि को दी गई थी। ऐसे में अगले सत्र से विवि समर्थ पोर्टल से परीक्षा फॉर्म भरवाएगा।

## अब टैगोर लाइब्रेरी में किताबें खोजने के लिए नहीं भटकेंगे विद्यार्थी

**लविवि: ऑनलाइन होगा डेढ़ लाख किताबों का ब्योरा**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) की टैगोर लाइब्रेरी में 1.5 लाख किताबों का ब्योरा ऑनलाइन किए जाने की तैयारी है। इससे विद्यार्थियों को किताबों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। लविवि की वेबसाइट पर एक क्लिक पर किताबों की जानकारी मिल जाएगी।

टैगोर लाइब्रेरी में मौजूद किताबों के नाम के साथ उनका कैटलॉग नंबर वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। लाइब्रेरी में लंबे समय तक चले ऑटोमेशन के दौरान सभी किताबों की बारकोडिंग कर ब्योरा तैयार किया गया है।

मानद लाइब्रेरियन प्रो. केया पांडेय के मुताबिक, अभी तक छात्रों को पुस्तकालय से जो पुस्तकें लेनी होती हैं, उसका कैटलॉग नंबर लाइब्रेरी में मौजूद डिजिटल स्क्रीन पर तलाशना पड़ता है।

इसके बाद वह नंबर काउंटर पर देकर किताब जारी करानी होती है। इसमें काफी देर लगती है। अब किताबों की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध होगी, जिसे विषयवार अलग-अलग अपलोड किया जाएगा। इस तरह किताबों निगरानी करना भी आसान होगा। (संवाद)

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 7**



## मानवाधिकार के उल्लंघन पर चर्चा

लखनऊ। लखनऊ विवि में मॉडल यूनाइटेड नेशंस क्लब (यूओएल-मुन) का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। सम्मेलन में तीन समितियों का गठन हुआ। इसमें संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए), लोकसभा और अंतरराष्ट्रीय प्रेस (आईपी) में शामिल छात्रों ने वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रतिबंधों के कारण राज्यों में मानवाधिकार उल्लंघन जैसे विषय पर विचार-विमर्श किया। लोकसभा समिति ने प्रसारण विधेयक पर चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय प्रेस समिति के प्रतिभागियों ने अन्य दोनों समितियों की रिपोर्ट तैयार की। इस मौके पर प्रो. वाइस चांसलर डॉ. मनुका खन्ना उपस्थित रहीं। (संवाद)

**AMRIT VICHAR PAGE 7**

## लविवि में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स क्लब का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ छात्रों को वाद-विवाद की कला में दक्ष बनाने हेतु प्रेरित करेगा यह मंच**

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स क्लब (यूओएल-मुन) का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। इस आयोजन का संचालन क्लब के छात्रों द्वारा किया गया, जो विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के संरक्षण में और प्रो-वाइस चांसलर डॉ. मनुका खन्ना की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की संरक्षक प्रो. अंचल श्रीवास्तव, निदेशक संस्कृतिकी रहीं। उद्घाटन समारोह के उपरांत एक इंट्रा-मुन सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें तीन समितियों संयुक्त राष्ट्र महासभा, लोकसभा और




मॉडल यूनाइटेड नेशन्स क्लब में भाग लेते प्रतिभागी। अमृत विचार

अंतरराष्ट्रीय प्रेस का गठन हुआ।

छात्रों ने वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रतिबंधों के कारण राज्यों में मानवाधिकार उल्लंघन जैसे गंभीर विषय पर विचार-विमर्श किया। लोकसभा समिति ने प्रसारण विधेयक पर चर्चा की। वहीं अंतरराष्ट्रीय प्रेस समिति के प्रतिभागियों ने अन्य दोनों समितियों की रिपोर्ट तैयार की और कवरेज प्रस्तुत की। सभी समितियों का संचालन अनुभवी वक्ताओं और मुन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। सभी समितियों के विजेताओं को प्रो. संगीता साहू द्वारा सम्मानित किया गया। संस्कृतिकि के अंतर्गत मुन क्लब का यह प्रयास छात्रों में जनसंचार कौशल और समालोचनात्मक सोच को विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। यह मंच उन्हें संवाद और वाद-विवाद की कला में दक्ष बनाने हेतु प्रेरित करेगा।

**VOICE OF LUCKNOW PAGE 6**

## लविवि में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स क्लब का उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृतिकि के अंतर्गत मॉडल यूनाइटेड नेशन्स क्लब (यूओएल-मुन) का उद्घाटन एपी सेन हॉल में संपन्न हुआ। इस आयोजन का संचालन क्लब के छात्रों द्वारा किया गया, जो विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण में और प्रो-वाइस चांसलर डॉ. मनुका खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की संरक्षक प्रो. अंचल श्रीवास्तव, निदेशक संस्कृतिकि रहीं। उद्घाटन समारोह के बाद एक इंट्रा-मुन सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें तीन समितियों का गठन हुआ, जिसमें संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए), लोकसभा और अंतरराष्ट्रीय प्रेस (आईपी) हैं। यूएनजीए समिति में छात्रों ने वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रतिबंधों के कारण राज्यों में मानवाधिकार उल्लंघन जैसे



गंभीर विषय पर विचार-विमर्श किया। लोकसभा समिति ने प्रसारण विधेयक पर चर्चा की। वहीं अंतरराष्ट्रीय प्रेस समिति के प्रतिभागियों ने अन्य दोनों समितियों की रिपोर्ट तैयार की और कवरेज प्रस्तुत की। सभी समितियों का संचालन अनुभवी वक्ताओं और मुन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। यह सम्मेलन शुक्रवार को एपी सेन हॉल में आयोजित समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें सभी समितियों के विजेताओं को प्रो. संगीता साहू, निदेशक आईक्यूएसी, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। यूएनजीए में भारत को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि घोषित किया गया, वहीं लोकसभा में मुकेश कुमार का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागी को यह सम्मान प्राप्त हुआ। अंतरराष्ट्रीय प्रेस में द हिंदू को श्रेष्ठ समाचार कवरेज के लिए सम्मानित किया गया। संस्कृतिकि के अंतर्गत मुन क्लब का यह प्रयास छात्रों में जनसंचार कौशल और समालोचनात्मक सोच को विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। यह मंच उन्हें संवाद और वाद-विवाद की कला में दक्ष बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

**HINDUSTAN PAGE 8**

## एलयू में हिन्दू नववर्ष पर संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में युवराष्ट्र संस्था की ओर से डीपीए सभागार में हिन्दू नववर्ष पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष रहे। उन्होंने बताया कि यह नव वर्ष न केवल खगोलीय दृष्टि से प्रमाणित है, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का भी द्योतक है।